एक नजर

मारवाड़ी युवा मंच का दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा रेलवे स्टेशन रोडधर्मशाला में मारवाड़ी युवा मंच की ओर से दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एक–दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति, आपसी प्रेम, भाईचारे और पारिवारिक सौहार्द की झलक देखने को मिली।समारोह का शुभारंभ मारवाड़ी संघ के अध्यक्ष नरेश मित्तल, अनिल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, पूरनमल बंसल, जनार्दन अग्रवाल,हरि शंकर अग्रवाल, रतन अग्रवाल एवं विजय मित्तल सहित समाज के वरिष्ठजनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दीपों की रोशनी के बीच कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों और विभिन्न कलात्मक कार्यक्रमों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। खुशी अग्रवाल, उर्जित अग्रवाल, ओजस अग्रवाल ,अनाहिता अग्रवाल सहित अन्य बच्चों ने अपनी प्रतिभा और मनमोहक प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। बच्चों के उत्साह और उनकी प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने सराहा।

रुपईडीहा के आदर्श नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य हुए सम्मानित



रुपईडीहा, बहराईच। कमलेश श्रीवास्तव अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोध समिति, लखनऊ के दिशा–निर्देशन के क्रम में, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जिला बहराइच द्वारा आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के लोकप्रिय चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत रुपईडीहा नगर पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में दिए गए उनके अत्यंत सफल और सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन डॉ. वैश्य को समिति की वार्षिक सेवा पथ पुस्तक **दर्पण,** अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन एवं नगर सचिव राजीव अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे, जिनमें रुपईडीहा पत्रकार संघ उपाध्यक्ष बनारस गिरी, पत्रकार संजय कुमार गुप्ता, शकील अहमद, इरशाद हुसैन, संतोष कुमार मिश्रा, सिद्धनाथ गुप्ता, रमेश कुमार मिश्रा और केशव कुमार गुप्ता। प्रशासनिक व संगठन प्रतिनिधि चेक पोस्ट इमीग्रेशन में तैनात उप निरीक्षक आशुतोष दुबे, संगठन मंत्री केसरी प्रसाद सोनी पत्रकार शाहिद हुसैन, सहित दर्जनों सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

दुराचार के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

कैसरगंज बहराइच। कैसरगंज पुलिस ने दुराचार के मामले में वांछित आरोपी दुर्गेश कश्यप पुत्र श्यामलाल निवासी बेलनापारा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 11 नवंबर को पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 384/2026 धारा 69 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को जमापुर चौराहे से गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक पंकज सिंह और कांस्टेबल अनिल चौरसिया शामिल रहे।

श्रीमद् रामकथा एवं गायत्री महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



कैसरगंज ,बहराइच। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत महुरी कलां में सात दिवसीय श्रीमद् रामकथा एवं गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चार, कलश पूजन और हवन–यज्ञ के अनुष्ठानों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा।कथा व्यास आचार्य परमानन्द जी महाराज ने श्रीराम नाम की महिमा और शिव–पार्वती संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण ही मानव जीवन के कल्याण का सरल मार्ग है। श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर मनुष्य अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव और मर्यादा स्थापित कर सकता है। संगीतमय भजनों और कथा प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर हवन में आहुतियां दीं और कथा का श्रवण किया। सात दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में व्यवस्थापक शशिभूषण सिंह, सुधाकर श्रीवास्तव, अनूप सिंह, बजरंगी लाल, इन्द्रजीत, लाडली प्रसाद वर्मा, जमुना प्रसाद मिश्रा,सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्नए सीडीओ ने दिए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बहराइचए। दीनदयाल अन्त्योदय योजना.राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विकास भवन सभागारए में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त स्वत: रोजगारए जिला मिशन प्रबंधकए समस्त खण्ड विकास अधिकारीए सहायक विकास अधिकारी ;ग्राम्य विकासद्ध एवं ब्लॉक मिशन मैनेजर उपस्थित रहे।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकासखण्डवार सामुदायिक निवेश निधिए कैडर मानदेयए स्वयं सहायता समूहों के बचत खातों की प्रगतिए विद्युत सखी एवं स्वास्थ्य सखी के चयनए आजीविका रजिस्टरए कैश क्रेडिट लिंकेजए समूह स्टार्टअपए फैमिली आईडीए एसएचजी एवं बीओ ऑनलाइन ट्रांजेक्शनए बैंकिंग लिंकेज तथा अन्य विभागीय पोर्टलों पर हुई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान विभिन्न विकासखण्डों में योजनाओं की प्रगति अपेक्षानुसार न पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही एवं कार्यों में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्राम निधि पोर्टल पर डिमांड प्राप्त होने के उपरान्त दो दिवस के अन्दर संबंधित अभिलेख एवं पावती जनपद कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप विभिन्न मदों के भुगतान संबंधी कार्यवाही 30 नवम्बर 2026 तक पूर्ण कर संबंधित प्रकरण कोषागार में प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

परिषदीय विद्यालय कहेगा–'मेरा स्कूल, मेरा गौरव'

डीएम प्रियंका निरंजन ने शुरू की अभिनव पहल

गोंडा। परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को नई पहचान देने और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने का जज्बा पैदा करने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अभिनव पहल की शुरुआत की है। इसके तहत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट में 'मेरा स्कूल, मेरा गौरव' एवं 'एल्यूमिनाई एक्सीलेंस अवार्ड' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस पहल के माध्यम से विद्यालय के गौरवशाली पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों को वर्तमान छात्र–छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनाया जाएगा।



कार्यक्रम का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को आधुनिक तकनीक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के साथ उनमें बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार करने का आत्मविश्वास विकसित करना है। इसके तहत विद्यालय से पढ़कर निकले ऐसे पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों, संस्थानों और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, मेहनत एवं लगन से उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को आकार देने और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण केंद्र है। अपने ही विद्यालय से पढ़कर निकले लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सफल होते देख वर्तमान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इससे उनमें भी बेहतर करने और जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल करने का उत्साह पैदा होगा।

शासन ने दी परियोजना को मंजूरी

गोंडा। गौरा विधानसभा क्षेत्र के गऊघाट पर अब आवागमन की राह आसान होगी। 10 करोड़ 24 लाख 58 हजार रुपये की लागत से 18 मीटर लंबा सीमेंटेड पुल बनाया जाएगा। शासन ने परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही निर्माण के लिए 5 करोड़ 12 लाख 29 हजार रुपये की पहली किस्त भी आवंटित कर दी है।

छपिया ब्लॉक के राजस्व ग्राम घनश्यामपुर ग्रंट स्थित गऊघाट पर पक्का पुल न होने से ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण लंबे समय से यहां पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री से पुल निर्माण कराने का आग्रह किया था।लोक निर्माण विभाग की ओर से 10 करोड़ 24 लाख 58 हजार रुपये की परियोजना स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई थी।

डीएम ने विद्यार्थियों को दी निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी



बहराइच। जागो रे जागो मतदाताअर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले जनपद के सभी अर्ह नागरिकों तथा छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के उद्देश्य से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप अन्तर्गत महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा पहुंचकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता का जायजा लिया। छात्रों से संवाद करते हुए लोकतन्त्र के महत्वए मतदाता सूची में नाम दर्ज करने तथा लोकतन्त्र के महापर्व निर्वाचन में सहभागिता के साथ.साथ निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को प्रपत्र.6ए 7 एवं 8 के उपयोग के बारे में विस्तारर्पूक जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग जारी समयसारिणी के अनुसार 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर 2026 तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे होंए ऐसे नागरिक आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप.6 भरकर सम्बन्धित बूथ लेबिल आफिसरध्कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी में जमा कर सकते हैं अथवा आयोग के ऐप ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से भी सबमिट किये जा सकते हैं।कोई मतदाता अपनी प्रविष्टि में संशोधन कराना चाहता है प्रारूप.8 भरकर जमा कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने युवाओं का आहवान किया कि स्वयं जागरूक मतदाता बनें तथा अपने परिवारए मित्रों और आसपास के लोगों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करें। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र और अधिक सशक्त बनेगा।

वरिष्ठ साहित्यकार कुंवर अतुल सिंह को मिला 'साहित्य श्री' सम्मान

गोंडा। साहित्यिक चेतना को समृद्ध करने और रचनाकारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय साहित्य परिषद अवध प्रांत की गोंडा इकाई एवं फुलवारी पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राजकीय पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार कुंवर अतुल सिंह को उनके साहित्यिक योगदान के लिए 'साहित्य श्री' सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर उपस्थित साहित्यकारों एवं साहित्यप्रेमियों ने उनका अभिनंदन किया।इसके बाद आयोजित काव्य गोष्ठी में डॉ. सूर्यपाल सिंह, शिवाकांत मिश्रा विद्रोही, राजेश ओझा, घनश्याम अवस्थी, नीता सिंह, विनय शुक्ला अक्षत, आशुतोष त्रिपाठी, दिव्यांश मिश्रा एवं मानस त्रिपाठी ने अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।कार्यक्रम में परसपुर के अरुण सिंह, प्रमोद नंदन श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, मानशी त्रिपाठी एवं अभिषेक शुक्ला सहित अन्य साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

नहरों की सफाई में लापरवाही पर किसान करें शिकायत

गोंडा। रबी फसलों की सिंचाई को सुचारु बनाने के लिए जिले में नहरों की सिल्ट सफाई एवं स्कैपिंग का कार्य कराया जा रहा है। कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखने और किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विभाग की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।विभाग ने किसानों से अपील की है कि नहरों की सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा अन्य समस्या सामने आने पर तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें। इसके लिए दूरभाष नंबर 05262–450474 जारी किया गया है।किसान किसी भी कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक फोन कर अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज करा सकते हैं। शिकायत करते समय संबंधित नहर, गांव और विकासखंड का नाम अवश्य बताना होगा, ताकि समस्या की पहचान कर उसका प्रभावी निस्तारण कराया जा सके।

जमीन के विवाद में महिला से मारपीट, चार पर आरोप

गोंडा। वजीरगंज थाना क्षेत्र के धन्नी पुरवा मझारा गांव में जमीन के विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता खतूना पत्नी कमरूल हक पुत्री जमादार ने गांव के चार लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।तहरीर के मुताबिक, शुक्रवार सुबह जमीन के विवाद को लेकर गांव की जमुना पुत्री धनीराम, अमित की पत्नी, सुमित और खूंटी ने कथित रूप से गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मुक्कों और लाठी–डंडों से मारपीट की। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने दोबारा मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर सीताद्वार मन्दिर में सजने लगी दुकानें

श्रावस्ती। विकास खण्ड इकौना के टड़वा महंत स्थित सीताद्वार मंदिर में 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का पारंपरिक मेला लगेगा। जिसको लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू हो गई हैं।मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। रोशनी के लिए लाइटें लगाई जा रही हैं और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।श्रद्धालुओं और बच्चों के मनोरंजन के लिए अलग–अलग तरह के झूले पहुंच चुके हैं। खानपान और दूसरी चीजों की दुकानें भी लगने लगी हैं।सीताद्वार मंदिर में कई वर्षों से कार्तिक पूर्णिमा पर यह मेला लगता आ रहा है।

अभद्र व्यवहार के आरोप में चौकी प्रभारी निलंबित

श्रावस्ती। फरियादी के साथ अभद्र व्यवहार और पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही के आरोप में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने भंगहा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं।मामला कोतवाली भिनगा क्षेत्र के मनिकापुर गांव निवासी पुत्तू लाल पुत्र द्वारिका प्रसाद की शिकायत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि 10 नवंबर की रात चौकी प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मां–बहन की गालियां दीं।

चौदहकोसी परिक्रमा को लेकर तैयारियां शुरू

सिरसिया श्रावस्ती। पाण्डव विभूतिनाथ शिव मंदिर (गुप्तकाशी) की चौदह कोसी परिक्रमा बुधवार को निकाली जायेगी जिसको लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है।परंपरागत रूप से चले आ रहे ।

कार्यक्रम के अनुसार स्वर्गीय रामदुलारे सोनी के परिवार के लोगों ने अक्षय नवमी से पूर्व माता पार्वती को आश्रम से विदा करवाकर अपने घर ले गए।

रोज़गार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को विधायक सदर ने वितरित किये जॉब ऑफर लेटर

बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोज़गार अभियान अन्तर्गत युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच अन्तर्गत शान्ती देवी सुभाष चंद्र सुशांत पी जी कॉलेज चाकूजोत परिसर में आयोजित विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले के मुख्य अतिथि मा विधायक सदर बहराइच श्रीमती अनुपमा जायसवाल जी ने अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर रोजगार मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारीए जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती जायसवाल ने रोजगार मेले की सराहना करते मौजूद अभ्यर्थियों का आहवान किया कि सेवायोजन विभाग के रोज़गार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य कराएंए जिससे कि शिक्षित बेरोज़गार युवक.युवतियों को देश के साथ.साथ विदेशों में भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। श्रीमती ने मौजूद अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संसार में कोई भी सेवा व कार्य छोटा नहीं होता है। जीवन में पूरी ईमानदारी व लगन के साथ किया गया प्रत्येक कार्य का नतीजा उत्साहजनक होता है। उन्होंने अभ्यर्थियों का आहवान किया जीवन में नकारात्मकता का त्याग कर पॉज़ीटिव सोच के साथ मिलने वाले अवसरों का भरपूर लाभ उठाकर अपने व परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करें।विधायक श्रीमती जायसवाल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों एवं युवाओं की बेहतरी के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आज देश व प्रदेश के युवाओं को पूरी पारदर्शिता व योग्यता के अनुसार नौकरियों में अवसर मिल रहा है साथ ही स्वरोज़गार से युवाओं को सबल बनाने हेतु अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है ताकि युवा स्वयं के साथ.साथ दूसरे लोगों को भी रोज़गार से जोड़कर देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे सकें। श्रीमती



जायसवाल ने अन्य अतिथियों के साथ रोज़गार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को जॉब आफर लेटर का वितरण करते हुए उपस्थित सभी युवक.युवतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना ही।जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने सेवायोजन पोर्टल एवं रोज़गार संगम पोर्टल की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 17 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए 602 प्रतिभागियों का साक्षात्कार करते 341अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण के लिए चयन किया गया है। इस अवसर पर उद्योग विभागए खादी ग्रामोद्योगए लीड बैंक व श्रम विभाग द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाकर मौजूद लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त मे जिला सेवायोजन अधिकारी ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में अभ्यर्थी एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

एक नजर

पूर्व सैनिकों को मिलेगी बड़ी सौगात, मुख्यमंत्री करेंगे नवनिर्मित सैनिक विश्राम गृह का वर्चुअल लोकार्पण

अम्बेडकरनगर। जिले के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए अच्छी खबर है। जनपद में नवनिर्मित सैनिक कार्यालय एवं सैनिक विश्राम गृह का लोकार्पण 14 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। मेरठ में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह के अवसर पर प्रदेश के आठ जनपदों में नवनिर्मित कार्यालय भवनों एवं सैनिक विश्राम गृहों का एक साथ ऑनलाइन लोकार्पण प्रस्तावित है। इसमें अम्बेडकरनगर जनपद भी शामिल है।समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसारए 14 नवंबर को मेरठ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न जनपदों में निर्मित भवनों का वर्चुअल लोकार्पण किया जाएगा। अम्बेडकरनगर में भी सैनिकों की सुविधा के लिए कार्यालय एवं विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है। इससे पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को विभागीय कार्यों के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहूलियत मिलेगी।शासन ने निर्देश दिया है कि लोकार्पण कार्यक्रम में जनपद के अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही सभी की उपस्थिति में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा जाएगा। इस पहल को पूर्व सैनिकों के सम्मान और उनकी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

रतुआपार में पहली बार लगा भव्य बाल मेला, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



अम्बेडकरनगर। आलापुर तहसील की सीमा से सटे आजमगढ़ जनपद के रतुआपार स्थित डॉ. सुशीला तिवारी ग्रामीण इंटर कॉलेज में पहली बार भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्र.छात्राओं ने व्यंजनों के आकर्षक स्टाल लगाने के साथ ही विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल और परियोजनाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। अतिथियों ने स्टालों का अवलोकन कर बच्चों से जानकारी ली और उनके आत्मविश्वास व प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर चंद्र प्रकाश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री शंभूनाथ सिंह ने किया। दोनों अतिथियों ने कहा कि बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास रचनात्मकता व्यवहारिक ज्ञान और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या शिल्पी सिंह एवं समाजसेवी चंद्रशेखर उर्फशेखर सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

पत्रकारों से प्रचार-प्रसार की अपील

अम्बेडकरनगर। जनगणना.2027 के द्वितीय चरण के तहत जिले में स्व.गणना अभियान को गति देने के लिए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध ने प्रेसवार्ता कर पत्रकारों से अभियान का व्यापक प्रचार.प्रसार करने की अपील की। उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर 2026 तक नागरिकों को ऑनलाइन स्व.गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए जनपदवासी आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार और आवास से संबंधित आवश्यक जानकारियां स्वयं दर्ज कर सकते हैं।जिला जनगणना अधिकारी ने कहा कि पत्रकार समाचार पत्रोंए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के माध्यम से स्व.गणना की प्रक्रिया और निर्धारित समयसीमा की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकें। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे 30 नवंबर तक अपनी स्व.गणना अवश्य पूरी करें और परिवार के अन्य सदस्यों मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं बल्कि देश की विकास योजनाओं नीतियों और भविष्य की रणनीतियों के निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है।

जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 17 नवम्बर को

बहराइच । सदस्य सचिव एवं अधिण्अभिण् सण्नण्खण.पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 17 नवम्बर 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाईए नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धताए रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालनए नहरों के कुलाबों की व्यवस्थाए राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षाए सिंचाई शुल्क निर्धारणए कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ.साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

राजकीय कृषि बीज भण्डार के माध्यम से कराया जा रहा है वितरण

बहराइच । जिला कृषि अधिकारी डॉण् सूबेदार यादव ने बताया कि वर्तमान रबी अभियान के अन्तर्गत जनपद को गेहूँ बीज सामान्य वितरण योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर कुल 34638ण्00 कुण् का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आज की तिथि तक कृषकों द्वारा कुल 14815ण्20 कुण् गेहूं बीज की बुकिंग करायी गयी है। डॉ यादव ने बताया कि चयनित किसानों के मोबाइल पर एसएमएस मैसेज भी प्रेषित किया गया है। वर्तमान मे सभी राजकीय कृषि बीज भण्डार पर गेहूं बीज की उपलब्धता कराते हुए नियमानुसार वितरण कराया जा रहा है।

जिला कृषि अधिकारी ने समस्त पंजीकृत एवं चयनित कृषकों को सुझाव दिया गया है कि 19 नवम्बर 2026 तक संबंधित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपस्थित होकर पीओएस मशीन द्वारा अंगूठा लगाते हुये करायी गयी बुकिंग के सापेक्ष अपना बीज अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। सभी निजी व सहकारी क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध है किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर कन्ट्रोल रूम नम्बरों 7839882245 व 05252.235433 पर सम्पर्क करें।

आईटीआई में रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर

बहराइच । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए बहराइच की प्रधानाचार्या श्रीमती स्मृति शर्मा ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उ.प्र. के अन्तर्गत जनपद बहराइच में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए बहराइच नानपारा 220 बंजारन टाण्डा नानपारा 104 लखैय्याकला एवं रेहुवा मंसूर महसी 219 बहराइच में एस.सी.वी.टी.अन्तर्गत संचालित व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही सम्पन्न की जा रही है। जिसकी अन्तिम तिथि 15 नवम्बर 2026 निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी 01 एवं 02 वर्षीय इंजीनयरिंग एवं नान इंजीनयरिंग ट्रेडों में प्रवेश ले सकते हैं।

कक्षा छह की चयन परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

गोंडा। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा –2027 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति के निर्धारित पोर्टल पर आवश्यक विवरण भरकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।परीक्षा के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए विद्यालयों के प्राचार्यों को भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। वे अपने लॉगिन के माध्यम से अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र और पंजीकरण प्रपत्र एक साथ बल्क में पीडीएफ एवं एक्सेल प्रारूप में डाउनलोड कर सकेंगे।

विद्यालय स्तर पर अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने तथा परीक्षा से संबंधित तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।कक्षा छह की जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा–2027 में शामिल होने वाले अभ्यर्थी नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।